प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 09.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अवैध जुआ/सट्टा में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में कुलपहाड़ थाना प्रभारी श्री चन्द्रशेखर सिंह द्वारा मय हमराहीगण की मदद से 04 नफर अभियुक्तगण 1.रवि कुमार पुत्र राम गोपाल उम्र करीब 35 वर्ष 2.हुकुम पुत्र गुलाब उम्र करीब 26 वर्ष 3.जय सिंह पुत्र रमेश उम्र करीब 32 वर्ष 4.घासीराम पुत्र लछुवा उम्र करीब 50 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम भटेवरा खुर्द थाना कुलपहाड़ महोबा को सार्वजनिक स्थान पर रुपये-पैसो से हार जीत की बाजी लगाकर ताश पत्तो से जुंआ खेलते हुये अहिरवार मोहल्ला ग्राम भटेवरा खुर्द से गिरफ्तार किया गया ।मौके से मालफड़ 1460/- रूपये मय 52 अदद ताश पत्ता व जामा तालाशी 310/- रुपये बरामद हुआ । बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 324/2022 धारा 13 जुंआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह 2.कां0 देवेन्द्र राजपूत
3.कां0 अजय कुमार 4.कां0 मनोज कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.रवि कुमार पुत्र राम गोपाल उम्र करीब 35 वर्ष 2.हुकुम पुत्र गुलाब उम्र करीब 26 वर्ष 3.जय सिंह पुत्र रमेश उम्र करीब 32 वर्ष 4.घासीराम पुत्र लछुवा उम्र करीब 50 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम भटेवरा खुर्द थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 09.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व / निर्देशन पर जनपदीय पुलिस के समस्त कार्यालयों/थानों में जनसुनवाई का आयोजन कर जनसामान्य की समस्याओं को किया गया निस्तारित-

आज दिनांक 09.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के सभी कार्यालयों/थानों में सम्बन्धित प्रभारी द्वारा प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई का आयोजन किया गया, इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया व प्राप्त शिकायतों का शीघ्र/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 09.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## यूपी कॉप एप - थाने के चक्कर से पायें छुटकारा, यूपी कॉप एप का लें सहारा...!!

आज दिनांक 09.11.2022 कोजनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा फरियादियों को 'यूपी कॉप एप' की पूर्ण जानकारी दी गयी जिसमें एप के माध्यम से प्राप्त होने वाली तमाम सुविधाओं की जानकारी को साझा किया गया।

यह मिलेंगी सुविधायें-

- देखें अपना थाना- बाहर से आने वाले व्यक्ति घटना स्थल से संबंधित थाने की लोकेशन और नाम पता कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।
- सूचना दे सकते हैं-एप के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दे सकेंगे।
- वरिष्ठ नागरिक- एप से घर बैठे अपनी शिकायत फोने माध्यम से दर्ज करा सकेंगे।
- पीएम रिपोर्ट- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिये किसी को भटकना नहीं पडेगा, एप के माध्यम से पीएम रिपोर्ट डाउनलोड कर सकेगे।

इसके अतिरिक्त इस एप पर अज्ञात के नाम दर्ज कराई जाने वाले केस घर बैठे पंजीकृत कराए जा सकेंगे, इस एप की मदद से लोग बाहन चोरी, लूट, सामान्य चोरी, नकबजनी, स्नैचिंग, साइबर अपराध के साथ ही नाबालिक बच्चों की गुमशुदगी घर बैठे एप पर अपने मोबाइल से ही ई- प्राथमिकी दर्ज करा सकते हैं। पुलिस विभाग द्वारा आमजनों को सहूलियत पहुंचाने के लिए यूपी कॉप एप को विकसित किया गया है,

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपदीय पुलिस के समस्त अधि. व कर्मचारियों को इसके व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कर आमजन को जागरुक करने के निर्देश दिए गये हैं।

**!! यूपी कॉप एप में है आपकी समस्याओं का समाधान !!**

**- इस एप को प्ले स्टोर व एप स्टोर से कर सकेंगे डाउनलोड -**






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 09.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई पुलिस टीम ने मुकदमें से संबंधित वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 09.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के .गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री विनोद कुमार द्वारा गठित की गयी निरीक्षक श्री उमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सघन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0 214/2021 धारा 302 /34 भादवि से संबंधित 01 नफर वांछित अभियुक्त संजय सिंह पुत्र भूरा सिंह उम्र करीब 40 वर्ष नि0 ग्राम छानीकला थाना कबरई जनपद महोबा को 01 अदद अबैध तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ नियमानुसार गिरफ्तार किया गया , बरामदगी के आधार पर अभियुक्त संजय सिंह पुत्र भूरा सिंह के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 332/2022 धारा 3/25 ए एक्ट थाना कबरई जनपद महोबा पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

**1.** निरीक्षक श्री उमेश कुमार

**2.** का0 नईम मोहम्मद **3.** कां0 अवनेश कुमार

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

संजय सिंह पुत्र भूरा सिंह उम्र 40 वर्ष नि0 ग्राम छानीकला थाना कबरई जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 09.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने 04 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक अपराध श्री गोपालचन्द्र कनौजिया द्वारा गठित की गयी उ0नि0 रमाकान्त शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग संदिग्ध/व्यक्ति के दौरान 04 नफर एनबीडब्लू अभियुक्त 1.परमेश्वरी दयाल पुत्र ढालचन्द्र नि0 मझलवारा नि0 थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा सम्बन्धित मु0नं0- 1138/18 धारा 323/504/506 भादवि 2.विजय पुत्र विश्वनाथ नि0 मझलवारा थाना कोतवाली महोबा सम्बन्धित मु0नं0- 1138/18 धारा 323/504/506/427 भादवि 3. ढालचन्द्र पुत्र विश्वनाथ नि0 मझलवारा थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा सम्बन्धित मु0नं0- 1138/18 धारा 323/504/506 भादवि 4.बब्लू पुत्र मनमोहन नि0 मझलवारा थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा सम्बन्धित मु0नं0- 1138/18 धारा 323/504/506/427 को मुहल्ला बल्देव नगर महोबा उपरोक्त अभि0गण को ग्राम मझलवारा थाना कोतवाली नगर महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. उ0नि0 रमाकान्त शुक्ल प्रभारी चौकी सुभाष थाना कोतवाली नगर महोबा
2. कां0 रावेन्द्र सोनकर
3. कां0 सुधान्शू बाजपेयी



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 09.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## यातायात पुलिस टीम ने ट्रैक्टर मालिकों व ट्रैक्टर चालकों के साथ की गोष्ठी, यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुये वाहनों में लगवाये रिफ्लेक्टर।

यातायात माह जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर चलाये जा रहे विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आज दिनांक 09.11.2022 को यातायात निरीक्षक श्री शिवपाल सिंह तथा सहयोगी यातायात पुलिस बल द्वारा सागर हाईवे स्थित श्याम पैलेस में ट्रैक्टर मालिकों व ट्रैक्टर ड्राइवरों के साथ गोष्ठी की गई, इस दौरान उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया गया तथा उन्हें यातायात नियमों से संबंधित निर्देशों के पंपलेट एवं वाहनों पर चस्पा करने हेतु रिफ्लेक्टर प्रदान किए गए।






# महोबा पुलिस



## थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस सहित 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 09.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के .गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री उपेन्द्र नाथ राय द्वारा गठित टीम उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा द्वारा 02 नफर अभियुक्तगण 1.संदीप राजपूत पुत्र बृजविहारी उर्फ दद्दू निवासी ग्राम दादरी थाना महोबंकठ जनपद महोबा के पास से 01 अंदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नजायज बरामद होना 2. पवन राजपूत पुत्र रामपाल राजपूत निवासीगण ग्राम दादरी थाना महोबंकठ जनपद महोबा के पास से 01 अंदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नजायज बरामद हुआ अभियुक्तगण उपरोक्त को ग्राम टोलापातर थाना महोबकंठ जिला महोबा से गिरफ्तार किया गया। जिस संबंध मे थाना स्थानीय पर मु.अ.सं.193/22 व 194/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा 2. का0 भरत सिंह
3. का0 विशाल नामदेव 4. का प्रवीण कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.संदीप राजपूत पुत्र बृजविहारी उर्फ दद्दू निवासी ग्राम दादरी थाना महोबंकठ जिला महोबा के पास से एक अंदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नजायज बरामद होना 2.पवन राजपूत पुत्र रामपाल राजपूत निवासीगण ग्राम दादरी थाना महोबंकठ जिला महोबा के पास से एक अंदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नजायज बरामद होना



# महोबा पुलिस



## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में शांति एंव कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।




आज दिनांक **09.11.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम निकट पर्यवेक्षण में जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रो में संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त करते हुए स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।
यातायात नियमों के उल्लंघन पर ई-चालान किये गये।





